कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) श्रावस्ती।

पत्रांक 692 / कार्य-11 / 173 दिनांक :– 27-6-22

सेवा में,

ग्राम प्रधान,
ग्राम पंचायत–नौबस्ता,
विकास खण्ड–हरिहरपुर रानी,
जनपद–श्रावस्ती।

विषय :– राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत नौबस्ता पेयजल योजना के हस्तानान्तरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत नौबस्ता पाइप पेयजल योजना की स्वीकृत लागत 381.06 लाख के सापेक्ष प्रस्तावित कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है योजना घरेलू जल संयोजन एवं जल स्तम्भ द्वारा संचालित हो रही है।

शासन के निर्देशानुसार योजनाओं का रख–रखाव व संचालन सम्बन्धित कार्य ग्राम पंचायत द्वारा किया जाना है अतः योजना के हस्तानान्तरण प्रपत्र 03 प्रतियो में इस आशय से प्रेपित है कि हस्तानान्तरण के पश्चात 01 प्रति इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(एस.एम.असजद)
अधिशासी अभियन्ता

पृष्ठांकन संख्या एवं तददिनांक
प्रतिलिपि निम्नलिखित की सेवा में सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, श्रावस्ती।
2. जिला पंचायत, राज अधिकारी, श्रावस्ती।
3. सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर/सहायक अभियन्ता को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

अधिशासी अभियन्ता

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) श्रावस्ती।

—:हस्तानान्तरण नोटः—

जनपद श्रावस्ती के विकास खण्ड हरिहरपुर रानी में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना के अन्तर्गत ग्राम नौबस्ता पाइप पेयजल योजना की स्वीकृत लागत रू. 381.06 लाख के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों को पूर्ण कर योजना को संचालित कर दिया गया है योजना में प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष पूर्ण कराये गये कार्यो का विवरण निम्नानुसार है।

क्र. सं.	योजना में कार्यों का विवरण	प्रस्तावित कार्य	पूर्ण किये गये कार्य
1.	शिरोपरि जलाशय 400 कि.ली./15 मी.स्टेजिंग	01 नग	पूर्ण
2.	नलकूप–1200 एल.पी.एम. पम्प हाउस सहित	02 नग	01 पूर्ण एवं 01 का बोर फेल
3.	बाउन्ड्रीवाल गेट सहित	01 नग	पूर्ण
4.	वितरण प्रणाली	13.43 किमी.	पूर्ण
5.	गृह संयोजन	960 नग	पूर्ण
6.	स्टैण्ड पोस्ट	10 नग	पूर्ण

हस्तानान्तरण किया

जूनियर इंजीनियर/सहायक अभियन्ता
खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
श्रावस्ती।

हस्तगत लिया

ग्राम पंचायत सचिव,
ग्राम पंचायत–नौबस्ता,
जनपद–श्रावस्ती।

हस्तगत लिया

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– नौबस्ता,
जनपद–श्रावस्ती।